

# मयंक अग्रवाल का कमाल

## डॉन ब्रैडमैन से भी आगे निकले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
इंदौर। भारत के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने अपने टेस्ट करियर का दूसरा दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने मेहदी हसन की गेंद पर छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। अग्रवाल अपने दोहरे शतक के साथ ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन से भी आगे निकल गए। मयंक ने यहां के होल्कर स्टेडियम में बांग्लादेश के साथ जारी पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन छक्के के साथ अपने करियर का दूसरा दोहरा शतक पूरा किया। दोहरा शतक के बाद उन्होंने अपनी बैटिंग में और भी आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया और तेजी से रन जुटाने में बिजी हो गए। हालांकि 243 के निजी स्कोर पर वह मेहदी हसन की गेंद पर ही बाउंड्री लाइन के भीतर कैच आउट हो गए। इस सूची में वेस्ट इंडीज के लॉरेंस रो 14 पारियों के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि साउथ अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ 15 पारियों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। इसी तरह वॉली हेमंड 16 पारियों के साथ छठे और भारत के चेतेश्वर पुजारा 18 पारियों के साथ सातवें स्थान पर हैं। मयंक ने बीते महीने साउथ अफ्रीका के साथ आयोजित टेस्ट सीरीज के दौरान विशाखापट्नम में 215 रनों की पारी खेली थी। वह उनका पहला दोहरा शतक था, जिसे उन्होंने दोहरे शतक में तब्दील किया था।

# मयंक अग्रवाल के डबल धमाके से बैकफुट पर बांग्लादेश

**क्रिकेट**

### अजिंक्य रहाणे और रविंद्र जडेजा ने लगाई हाफ सेंचुरी

## भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक बनाए छह विकेट पर 493 रन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंदौर। मयंक अग्रवाल के दोहरे शतक और उपकप्तान अजिंक्य रहाणे व रविंद्र जडेजा की हाफ सेंचुरी की मदद से भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ इंदौर टेस्ट में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट के नुकसान पर 493 रन बना लिए हैं। भारत ने होलकर स्टेडियम में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 343 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने आखिरी सेशन में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी और 30 ओवरों में 190 रन बनाए। मैच के पहले दिन बांग्लादेश की पहली पारी 150 रनों पर ही ढेर हो गई थी। मेहमान टीम ने भारत के 119 रनों पर तीन विकेट चटका उसे थोड़ी परेशानी दी लेकिन सलामी



बल्लेबाज मयंक और अजिंक्य रहाणे ने टीम को दूसरे दिन चायकाल तक तीन विकेट के नुकसान पर 303 रनों पर पहुंचा उसे मजबूत कर दिया था।

दिन का खेल समाप्त होने तक जडेजा 60 और उमेश यादव 25 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। बांग्लादेश की ओर से अबू जायद ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। मेहदी हसन और इबादत हुसैन ने एक–एक विकेट लिया। इससे पहले, मयंक ने अपने अपने करियर का दूसरा दोहरा शतक लगाया। उन्होंने रहाणे के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 190 रनों की साझेदारी की। रहाणे ने 86 रनों की पारी खेली। उन्होंने 172 गेंदों का सामना किया और 9 चौके लगाए। अग्रवाल और रहाणे ने मिलकर भारत को मुश्किल परिस्थिति से निकाला। यह मयंक के करियर का तीसरा शतक भी था। मयंक ने 12वीं पारी तक जाते–जाते दो दोहरे शतक लगा लिए हैं जबकि ब्रैडमैन ने दो दोहरो शतकों के लिए 13 पारियों का इंतजार किया था। इस फेहरिस्त में हालांकि भारत के विनोद कांबली सबसे आगे हैं, जिन्होंने अपने करियर की शुरुआती पांच पारियों में ही दो दोहरे शतक लगा लिए थे।

चेतेश्वर पुजारा ने भी 72 गेंदों पर 54 रनों की पारी खेली। वह दिन के पहले विकेट के रूप में पहले सत्र में पविलियन लौटे। मयंक और पुजारा दोनों ने दिन की शुरुआत एक विकेट के नुकसान पर 86 रनों के साथ की थी। अर्धशतक पूरा करने के बाद पुजारा अबू जायद की गेंद पर आउट हो गए। जायेद ने ही कप्तान विराट कोहली को खाता नहीं खोलने दिया। पहले सत्र में इसके बाद मयंक और रहाणे ने कोई और विकेट नहीं गिरने दिया। दूसरे सत्र में आकर मयंक ने अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। रहाणे ने भी अपने पचास रन पूरे किए और दोनों ने यह सुनिश्चित किया कि बांग्लादेश को इस सत्र में भी चौथा विकेट न मिले।

# एशेज की तर्ज पर भारत से बदला चाहता है ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि 2022 में भारत दौरे पर खेली जानी वाली टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया मजबूत और परिपक्व टीम तैयार कर रहा है। पिछले साल गेंद से छेड़छाड़ विवाद के बाद मई में टीम के कोच बने लैंगर ने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में घरेलू परिस्थितियों में भारतीय दबदबे को करीब से देखा है। अब लैंगर का सपना ऐसी टीम तैयार करने का है, जो वर्ल्ड रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारत को चुनौती दे सके।

कोहली की टीम ने पिछले महीने साउथ अफ्रीका को टेस्ट सीरीज में शिकस्त देकर घरेलू सरजमीं पर लगातार 11वीं सीरीज



अपने नाम की। लैंगर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, इससे (भारतीय प्रदर्शन) यह पता चलता है कि भारत को हराना कितना मुश्किल है।

ऑस्ट्रेलिया एशेज की तर्ज पर टीम इंडिया से अपने घर पर मिली हार का बदला लेना चाहती है। एशेज सीरीज में एक हार के बाद चिरपरिचित प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड अगली सीरीज में विरोधी टीम को जबरदस्त ढंग से पटकनी देने का प्लान करते दिखती हैं। उन्होंने कहा, श्भारत में जीतना हमेशा मुश्किल रहता है। हमें उम्मीद है कि हम ऐसा कर सकते हैं। इसके लिए परिपक्व होने के लिए हमारे पास दो साल का समय है। मैं मजबूती से उस सीरीज के लिए तैयार होना चहता हूं।

लैंगर जब टीम के कोच बने थे, तभी उन्होंने कहा था कि उनका लक्ष्य भारत को भारत में हराना है। उन्होंने कहा, श्हम तीन–चार साल में एक बार भारत का दौरा (टेस्ट सीरीज के लिए) करते हैं। मेरे लिए इतना समय काफी है। अगर हम भारत को भारत में हराने में सफल रहे तो मैं इस टीम को महान टीमों में से एक मानूंगा।

## एटीपी फाइनल्सः जोकोविच को हराकर सेमीफाइनल में फेडरर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां नोवाक जोकोविच को हराकर एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इसी के साथ ही सर्बियाई स्टार से विंबलडन में मिली हार का बदला भी चुकता किया। अपने पहले मैच में डोमिनिक थीम से सीधे सेटों में पराजय झेलने वाले फेडरर ने अपनी शानदार फॉर्म दिखाई और 6–4, 6–3 से जीत दर्ज की।

जोकोविच की इस हार से राफेल नडाल को नंबर–1 से हटाने और वर्ष के आखिर में शीर्ष पर काबिज होने की संभावना भी समाप्त हो गई। जोकोविच खिताब जीतने पर ही नडाल को नंबर एक से हटा पाते लेकिन अब स्पेनिश खिलाड़ी का वर्ष के आखिर में शीर्ष पर बने रहना तय हो गया है। 38 साल के फेडरर 17वीं बार एटीपी फाइनल्स में भाग ले रहे हैं और वर्ष के इस आखिरी टूर्नमेंट के सेमीफाइनल में 16वीं बार पहुंचे हैं। वह ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में थीम के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

## न्यूज डायरी



### 30 वर्ष पहले सचिन तेंडुलकर ने किया था पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट इतिहास में 15 नवंबर का दिन बहुत स्पेशल है। इसी दिन 1989 में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंडुलकर ने कराची के नैशनल स्टेडियम में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। उस वक्त वह मुश्ताक मोहम्मद और आकिब जावेद के बाद सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले तीसरे सबसे युवा टेस्ट क्रिकेटर थे। उनकी उम्र 16 वर्ष 205 दिन थी। 30 साल पहले भारत के जिस किशोर ने बतौर क्रिकेटर अपना करियर शुरू किया था वह आज इस खेल का सबसे बड़ा महानायक बन चुका है। मुंबई के इस शर्मीले किशोर को देखकर उस वक्त किसी ने नहीं सोचा था कि एक दिन वह कीर्तिमानों के कई पहाड़ चढ़ जाएंगे। 24 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में सचिन ने कुल 200 टेस्ट मैच खेले और टेस्ट क्रिकेट में 53.78 की औसत से 15921 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 51 टेस्ट शतक और 68 अर्धशतक जमाए।

### रिद्धिमा ने डब्ल्यूपीजी टूर का पांचवां खिताब जीता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। रिद्धिमा दिलवारी ने महिला प्रो गोल्फ टूर में सत्र के आखिरी और 15वें चरण में धैर्य से खेलते हुए शुक्रवार को खिताब अपने नाम किया। रिद्धिमा के लिए यह सत्र का पांचवां खिताब है जिससे वह आर्डर आफ मेरिट में गौरिका बिश्नोई के बाद दूसरे स्थान पर रही। रिद्धिमा ने इस सत्र में पुरस्कार के तौर पर 11,09,433 रुपये जीते जबकि बीमारी के कारण 15वें चरण से बाहर रहने के बाद भी गौरिका ने पुरस्कार के तौर पर 11,84,100 रुपये जीते। दस लाख से ज्यादा की कमाई करने वाली महिला गोल्फरों में अमनदीप द्राल भी शामिल हैं जो 10,55,933 रुपये की राशि के साथ आर्डर आफ मेरिट में तीसरे स्थान पर हैं। रायल कोलकाता गोल्फ कोर्स पर रिद्धिमा तीसरे दौर के बाद दीक्षा डागर से तीन शाट से पिछड़ रही थीं लेकिन आखिरी दौर में उन्होंने दो अंडर 70 का कार्ड खेला।

### दक्षिण एशियाई खेलों के लिये ताइक्वांडो के ओपन ट्रायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। आईओए द्वारा ताइक्वांडो के लिये नियुक्त तदर्थ पैनल 13वें दक्षिण एशियाई खेलों के लिये ओपन ट्रायल का आयोजन करेगा। दक्षिण एशियाई खेल एक से नौ दिसंबर तक नेपाल में आयोजित होंगे। चयन ट्रायल औरंगाबाद भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में 18 से 20 नवंबर तक किया जायेगा। इसके बाद 22 से 30 नवंबर तक कोचिंग शिविर होगा। इस साल जुलाई में भारतीय ओलंपिक संघ ने देश में ताइक्वांडो के मामले देखने के लिये पांच सदस्यीय तदर्थ पैनल गठित किया था जिसे छह महीने के अंदर महासंघ के चुनाव की जिम्मेदारी भी सौंपी गयी थी क्योंकि गुटबाजी के कारण खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय महासंघ को निलंबित कर दिया था। तदर्थ समिति के अध्यक्ष और आईओए के संयुक्त सचिव नामदेव शिरगावंकर के बयान के अनुसार विश्व रैंकिंग में शीर्ष आठ भारतीय खिलाड़ी ही चयन ट्रायल में भाग लेने के योग्य हैं।

### किदांबी श्रीकांत का जलवा कायम, सेमीफाइनल में पहुंचे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हॉन्ग कॉन्ग। भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने शुक्रवार को यहां चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त चेन लॉन्ग के चोट के कारण हटने से हॉन्ग कॉन्ग ओपन बैडमिंटन टूर्नमेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व के 13वें नंबर पर काबिज लेकिन यहां गैरवरीयता प्राप्त श्रीकांत तब एक गेम से आगे चल रहे थे जब लॉन्ग ने हटने का फैसला किया। इससे भारतीय शटलर बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नमेंट के अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहा। श्रीकांत ने पहला गेम केवल 15 मिनट में 21–13 से जीता। इसके बाद लॉन्ग आगे नहीं खेल पाए। यह श्रीकांत की चीनी शटलर के खिलाफ दूसरी जीत है। श्रीकांत इस टूर्नमेंट में अकेले भारतीय बचे हैं। उनका अगला मुकाबला हॉन्ग कॉन्ग के ली चेयुक इयु और डेनमार्क के सातवीं वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसन के बीच होने वाले क्वॉर्टर फाइनल मैच के विजेता से होगा।